आधुनिकरेलडिब्बाकारखाना, रायबरेली

प्रेसविज्ञप्ति

दिनांक 21.02.2020

आरेडिका में पण्डित सलिल भट्ट का सात्विक वीणा वादन का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 20.02.2020 को संध्या 6 बजे सरस्वती प्रेक्षागृह में स्पिक मैके एवं आरेडिका सांस्कृतिक संगठन के तत्वावधान में पण्डित सलिल भट्ट के द्वारा 'सात्विक वीणा' वादन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आरेडिका महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

स्पिक मैके भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के संवर्धन के लिए एक स्वैक्षिक युवा आन्दोलन है, जो भारतीय शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोकसंगीत, योग, ध्यान और शिल्प को बढ़ावा देता है।

सात्विक वीणा के निर्माता और 500 साल की संगीतमय विरासत के उत्तराधिकारी, पद्मश्री से सम्मानित विश्व मोहन भट्ट के पुत्र पण्डित सलिल भट्ट नए युग के गतिशील चेहरे, का प्रतिनिधित्व करते हैं। सात्विक वीणा पर शास्त्रीय बारीकियों को प्रस्तुत करने की अपनी गतिशील शैली के साथ दुनिया भर में दर्शकों को मंत्र मुग्ध करने के बाद आज पं0 सलिल भट्ट को ग्लोबल इंडियन संगीतकार के रूप में जाना जाता है ।

सोलो कन्सर्ट्स और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से विदेशी जुगल बंदी और ग्लोबल फ्यूजन तक में, सलिल भट्ट सिर्फ 25 साल के अपने कैरियर में न केवल भारतीय दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रहे हैं, अपितु कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका,ताइवान, इंगलैंड, आइसलैंड, आयरलैंड में भी बड़ी संख्या में इनके प्रशंसक हैं।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में आरेडिका के कर्मचारी, अधिकारी एवं उनके परिवारजन भी उपस्थित रहे। पण्डित सलिल भट्ट के द्वारा दी गई प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। प्रस्तुति के पश्चात श्री भट्ट ने बच्चों से वार्ता की और उन्हें संगीत के महत्व और हमारे जीवन व चरित्र पर पड़ने वाले संगीत के प्रभावों के बारे में बताया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री अनूप कुमार, एफए एण्ड सीएओ श्री बी. एल. मीना, सीपीएम श्री एस. के. कटियार, सीपीई श्री अनिल कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अमित 21.02.2020

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी